तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

11 नपा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त



12 खनिज न्यास निधि में करोड़ों का हुआ घपला जनपद सदस्यों ने धरना दिया, सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या, मर्ग कायम

**कांकेर**। हल्बा चौकी अंतर्गत रानीडोंगरी निवासी 39 वर्षीय लोकेश कुमार जैन पिता कन्हैया ने अपने घर में 28 जनवरी को सुबह 11 बजें फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतक के परिजनो ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर के कमरा के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पेड़ पर लटका मिला नाबालिग का शव

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत ग्राम चिनौरी में 28 जनवरी को नाबालिक बालक का शव पेड़ में फांसी पर लटका हुआ मिला। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालोद जिला के गुण्डरदेही निवासी 16 वर्षीय रूपेश निषाद पिता जेठूराम ने अज्ञात कारणो के चलते 28 जनवरी को दोपहर डेढ़ में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### असामयिक मृत्यु : 3 को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**कांकेर**। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिला अंतर्गत विभागीय शासकीय सेवकों के असामयिक मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित परिवार के सदस्य को भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय से जारी आदेशानुसार भूपेन्द्र कुमार शोरी पिता स्व. जलदेव शोरी ग्राम गंवरसिल्ली तहसील नरहरपुर को तहसील कार्यालय नरहरपुर में, रूपीका देहारी पति स्व. शेष कुमार देहारी ग्राम-पोस्ट पोडगांव तहसील अंतागढ़ को तहसील कार्यालय पखांजूर तथा अश्वन कुमार देहारी पिता स्व. इन्द्रो कुमार देहारी ग्राम-पोस्ट खासपारा भैंसासुर तहसील अंतागढ़ को प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास भैंसासुर में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है।

### बीएसएफ के जवानों ने किया पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा में 178 बीएसएफ बटालियन कोदापाखा के कमांडेंट राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में बीएसएफ जवानों द्वारा औषधालय के औषधि उद्यान पार्ट 2 के लिए श्रमदान करते हुए उद्यान का साफ सफाई कर जाम, मीठा नीम पत्ती, कटहल एवं अन्य पौधों का रोपण किया। इसके पूर्व में भी औषधि उद्यान के निर्माण में बीएसएफ कोदापाखा के जवानों द्वारा औषधि उद्यान के निर्माण में श्रमदान कर सहयोग दिया गया है।

### टीन शेड निर्माण के लिए 24.80 लाख स्वीकृत

**कांकेर**। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद मोहन मण्डावी की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में टीन शेड निर्माण के 05 कार्य के लिए 24.80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बासनवाही में मानस मंच के पास छापरपारा, ग्राम मर्रामपानी में शिव शक्ति धाम के पास बहनापानी और ग्राम पंचायत सुरही के हटवारा चौक के पास शेड निर्माण कार्य के लिए 05-05 लाख रूपए स्वीकृत की गई है।

## परीक्षा पे चर्चा पर पीएम मोदी ने दिया छात्रों को दिया सफल होने का मंत्र

# निर्णायक बनने की कोशिश करें कंफ्यूजन में रहने से बचें : मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने 29 जनवरी को बात करते हुए कहा कि हमें ऐसी आदते डालनी चाहिए कि जिससे हम निर्णायक बनें, कंफ्यूजन में नहीं रहना चाहिए। अगर कोई कंफ्यूजन है तो हमें उस पर बात करनी चाहिए और उसका समाधान करके आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंफ्यूजन किसी भी स्तर का हो, वो बुरा ही होता है, अनिर्णय तो और भी बुरा है, इससे सदैव बचने की जरूरत है।

- कांकेर के नवोदय विद्यालय के 9वीं के छात्र ने पीएम से किया सवाल
- छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं, उन्हें सीख मिलेगी और वह जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए जिलेभर के स्कूलों में व्यवस्था किया गया था। कांकेर के करप में स्थित नवोदय विद्यालय के नौंवी के छात्र तैफुर रहमान ने पीएम से सवाल किया। छात्र ने पीएम से पूछा कि परीक्षा के दौरान अधिकांश छात्र घबराहट महसूस करते हैं, जैसा कि प्रश्नों को सही ढंग से न पढ़ना आदिमेरा आपसे प्रश्न है कि इन गलतियों से कैसे बचा जाए कृपया अपना मार्गदर्शन दें ? जिस पर प्रधानमंत्री ने तनाव से मुक्त होकर परीक्षा देने की नसीहत दी। साथ यह भी कहा कि परीक्षा केंद्र में आप उलझनों को मन मस्तिष्क से निकालकर दाखिल हो। प्रश्न का जवाब लिखने से पहले एक बार में समझ नहीं आने पर दोबारा पढ़े। प्रश्न को बेहतर ढंग से समझकर ही उसका सही उत्तर लिखा जा सकता है। जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख कैफुर रहमान से हरिभूमि ने बातचीत किया उसने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा के दौरान जो मैंने सवाल किया था, वह मेरे अनुभव पर आधारित है। मै अभी 9 वी कक्षा में पढ़ता हूँ और मै पहली कक्षा से ही यही गलतियां दोहरा रहा हूँ। मुझे यह नही पता था कि यह सवाल किससे पूछा जाए, जब मुझे पता चला कि पीएम परीक्षा पे चर्चा करने वाले है तो मैंने सोचा यह प्रश्न पीएम से ही पूछना चाहिए। मैने पंजीयन करवाया और मुझे प्रश्न करने का मौका मिल गया। मुझे पहली कक्षा से ही यह लगता रहता था कि प्रश्न पत्र आसान आया है, मै सारे प्रश्न हल कर सकता हूँ, लेकिन इसी बीच कही त्रुटि हो जाती है और मैं जवाब लिखने में गलती कर बैठता था। आसान प्रश्न पत्र होने के बावजूद भी कम नंबर आते थे। छात्र तैफूर ने कहा कि पीएम के जवाब से वो बेहद संतुष्ट हैं और यह सीख ना केवल परीक्षा में बल्कि हमारे जीवन में भी काम आएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य जयंती पी. गोपाल ने बताया कि पीएम से सवाल पूछने 534 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमें एक छात्र को सवाल पूछने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पीएम का यह कार्यक्रम छात्र के लिए लाभदायक है। इससे जो छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं, उन्हे सीख मिलेगी और वो जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### पीएम मोदी ने बताया-कितने प्रकार के होते हैं दबाव

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि पहला दबाव का प्रकार वो है, जो हम खुद ही अपने ऊपर डालते हैं, जैसे सुबह चार बजे उठना है, इतने सवालों को हल करके सोना है। ऐसा करने की वजह से हमारे ऊपर दबाव पैदा हो जाता है। मुझे लगता है कि हमें खुद पर इतना दबाव नहीं डालना चाहिए, जिसकी वजह से हमारी योग्यता खत्म हो जाए। दूसरा दबाव माता-पिता की तरफ से आता है। बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से की जाती है, जो कि गलत है, इसकी वजह से उन पर दबाव आने लगता है। पीएम ने कहा कि दबाव का तीसरा प्रकार वो है, जिसमें कारण कुछ नहीं है, मगर समझ का अभाव है, बिना किसी वजह से हमें उसे संकट मान लेते हैं। इस तरह के दबावों को सभी को मिलकर समझना होगा। पालक, शिक्षक व अन्य सभी को मिलकर इसका समाधान करना चाहि। उन्होंने कहा कि अगर सभी लोग मिलकर प्रयास करें तो सभी प्रकार से दबाव से छात्रों को मुक्त किया जा सकता है।





### टेक्नोलॉजी का करें सकारात्मक इस्तेमाल

पीएम मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज का अति, किसी का भला नहीं करता। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए।

### समाजिक दबाव से निपटने का दिया गुरु मंत्र

पीएम मोदी ने कहा कि शायद मुझे बताया गया कि परीक्षा पे चर्चा का सातवां एपिसोड है, जितना मुझे याद है कि यह सवाल हर बार पूछा गया है। इसका मतलब यह है कि सात साल में सात अलग-अलग बैच इस परिस्थिति से गुजर रहे है। हर नए बैच को भी इन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों की बैच बदलता रहता है, लेकिन शिक्षकों का बैच इतनी जल्दी नहीं बदलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने अगर मेरे पुराने एपिसोड की बातों को छात्रों तक पहुंचाया हो, तो इस समस्या को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। हर माता-पिता ने इस समस्या का सामना जरूर किया है। हमें किसी भी तरह के दबाव को झेलने के लिए सामर्थ्यवान बनाना चाहिए, रोते हुए बैठना नहीं चाहिए। जीवन में दबाव आता रहता है, लेकिन खुद को तैयार करना होता है। दबाव को हमें अपने तरीके से जीतने के तरीके का संकल्प लेना चाहिए।

## भालू व भालू का बच्चा जर्जर मकान में सुबह से फंसे, वन अमला तैनात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

वन परिक्षेत्र कांकेर के ग्राम डुमाली में सोमवार 29 जनवरी की सुबह से शिवलाल मंडावी के जर्जर मकान में मादा भालू व उसका शावक अंदर घुस गए। मादा भालू जंगल की ओर चला गया था और दोपहर बाद वापिस उसी जर्जर मकान में पहुँचा, जहाँ शावक था। समाचार लिखे जाने तक मादा भालू और शावक उसी घर में थे।

वन मंडल कांकेर के वन परिक्षेत्र कांकेर अंतर्गत ग्राम डुमाली में शिवलाल मांडवी के जर्जर मकान में बाड़ी के रास्ते बीती रात एक मादा भालू अपने एक शावक के साथ टूटे दरवाजा से घुस गई। जर्जर मकान के बाजू में रहने वाले वीरेंद्र मंडावी अपनी बाड़ी में 29 जनवरी की सुबह 10 बजे खड़े थे, तभी बगल से भालू खेत की तरफ भागता हुआ दिखा। भालू के भागने के बाद जर्जर मकान से भालू के शावक के चिल्लाने की आवाज आई। पड़ोसी ने जर्जर मकान में देखा तो भालू का शावक था और बहुत आवाज कर रहा था। जर्जर मकान के पड़ोसी ने इसकी जानकारी वन विभाग को दिया। वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुँच गया और उसे देखने के लिए जुटी भीड़ को जर्जर मकान के पास जाने के लिए रोकते रहे। वन विभाग का अमला दिनभर जर्जर मकान के पास तैनात रहा। जंगल की ओर गया मादा भालू दोपहर बाद जर्जर मकान की ओर आ गया, वन विभाग की टीम ने भीड़ को हटाया। मादा भालू सीधे जर्जर मकान में शावक के पास पहुँचकर बैठ गया और चहलकदमी करता रहा। वन विभाग की टीम लगातार मानीटरिंग करती रही। समाचार लिखे जाने तक मादा भालू व शावक जर्जर मकान में ही थे। अंधेरा और भीड़ छटने के बाद भालू व शावक घर से बाहर निकल सकते है। परिक्षेत्र अधिकारी मो. रहमान का कहना है कि वन विभाग की टीम जर्जर मकान के पास तैनात है और नजर रखे हुए है। अंधेरा होने के बाद ही मादा भालू और शावक के निलने की संभावना है।

## स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वाँय की नौकरी दिलाने के नाम पर चारामा के बेरोजगार से ठगी करने का मामला चारामा थाना में दर्ज किया गया था। चारामा पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को दबोचा, जिसमें एक आरोपी को राजनांदगाँव से दबोचा गया।

- आरोपी को पुलिस ने राजनांदगांव से किया गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार चारामा थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मैं चंदन सिन्हा पिता स्व. चंद्रकुमार सिन्हा ग्राम आंवरी तहसील चारामा का निवासी हूं और मैं स्नातक उत्तीर्ण हूँ और बेरोजगार हूं। धीरज घोडेसवार निवासी ममतानगर, राजनांदगांव से मार्च 2023 में जान पहचान हुई। वह अपनी बडे बडे नेताओं से अपनी राजनैतिक पहुंच तथा मंत्रालय रायपुर में अधिकारियों से अपनी पहुंच बताया। बातचीत के दौरान धीरज घोडेसवार ने मुझसे कहा कि स्वास्थ्य विभाग रायपुर से चतुर्थ श्रेणी के पद वार्ड ब्वाय का भर्ती हो रहा है, तुम्हारा कोई रिश्तेदार हो तो बताओ मैं नियुक्ति आदेश सीधे रायपुर स्वास्थ्य विभाग से निकलवा दूंगा, वहां अधिकारीयों को पैसा देना पड़ेगा, अभी एडवांस 30 हजार रूपएं देना पड़ेगा और नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 40 हजार रूपएं देना पड़ेगा। मैने अपने छोटे भाई दीपचंद सिन्हा को स्वास्थ्य विभाग चारामा में वार्ड ब्वाय के पद पर भर्ती कराने की बात कही। मैंने 30 हजार रूपएं फोन पे किया। एक माह में नियुक्ति आदेश नहीं मिला तो मैं उनसे पूछा तो बोले भर्ती प्रक्रिया जारी है। एक पद वार्ड ब्वाय का और बचा है आवेदक मिलने पर एक साथ आदेश निकालेगें कहा। मैने उसके कहने पर 1 मई 2023 को 40 हजार रूपएं फोन पे किया। आदेश नहीं मिलने पर फिर फोन किया तो बोले जल्द निकल रहा है। बार बार फोन करने पर वहीं जवाब देने पर मैं अपने दिये पैसे रूपये 70,000 (सत्तर हजार ) रूपये वापस मांगा तो बोले हां एक सप्ताह में वापिस कर दूंगा, लेकिन पैसा वापस नहीं किया। चारामा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्जकर आरोपी धीरज ⏭ शेष पेज 10 पर

## रात्रि कालीन क्रिकेट में रायपुर टीम बनी विजेता, कांकेर रहा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




विकासखंड नरहरपुर के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सरोना मुख्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर टीम ने महाकाल इलेवन कांकेर की टीम को 36 रन से हराकर खिताब को अपने नाम कर लिया।

जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के फायनल मैंच रायपुर एवं महाकाल इलेवन कांकेर के मध्य खेला गया जिसमें महाकाल इलेवन कांकेर ने टास जीतकर रायपुर टीम को पहले बैटिंग के लिए मौका दिया। रायपुर टीम ने निर्धारित सात ओवर में 4 विकेट खोकर 90 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य की पीछे करते हुए करते हुए महाकाल इलेवन टीम ने सात ओवर 54 रन में ही आल आउट हो गई। रायपुर टीम ने महाकाल इलेवन कांकेर टीम को 36 रन से हराकर रायपुर टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सूरज कोर्राम, अध्यक्षता येलो स्टार क्लब सरोना अध्यक्ष गौरव नेताम विशेष अतिथि जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, सरोना भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, उपसरपंच पुष्कर साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ग्राम पटेल दया बघेल ने 50 हजार नगद पुरूस्कार व ट्राफी और संचेती ज्वेलर्स हल्बा वाले रमेश संचेती ने 110 ग्राम चांदी का सिक्का दिया से पुरूस्कृत किया। । उपविजेता टीम महाकाल इलेवन कांकेर को 25000 हजार रूप्एं नगद व ट्राफी दिया गया। बेस्ट बॉलर राजा रायपुर, बेस्ट बल्लेबाज शुभम पंडित रायपुर, बेस्ट कैच पंकज दुगली, बेस्ट कीपर शहजाद रायपुर, मैन ऑफ द सीरीज गौतम महाकाल कांकेर ट्रॉफी एवं नगद राशि दिया गया।

इस अवसर पर मोहन नेताम, हिमन कोर्राम, कमलेश यादव, सुरेश साहू, अशोक निषाद, तुका नेताम, अशोक मरकाम, दिलीप रामटेके, संजय गोलछा, सेवा वट्टी, रामभरोस मंडावी, सुरेश ठाकुर और येलो स्टाल क्लब समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## तीन जगह दबिश, देशी व अंग्रेजी शराब जब्त, 3 कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर**। जिले के पुलिस ने तीन अलग अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत 28 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए देशी व अंग्रेजी शराब बेचने वाले तीन कोचियो को पकड़ा व उनके कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

जानकारी के अनुसार कोरर थानांतर्गत डुमरकोट-भैसाकन्हार चौक के पास 28 जनवरी को शाम 4 बजें ग्राम डुमरकोट निवासी 38 वर्षीय धनेश पोया पिता घसिया के कब्जे से 32 नग गोवा स्पेश्ल व्हीस्की कीमत 3 हजार 840 रूपएं व नगद 450 रूपएं को जप्त किया गया। दुर्गुकोंदल थानांतर्गत भण्डारडीगी अटल चौक से धनपतरी जाने वाले रास्ते के पास 28 जनवरी को शाम साढ़े 5 बजें आरोपी ग्राम भण्डारडीगी निवासी 35 वर्षीय भगवानी मंडावी पिता निरउराम के कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्टी से बना हुआ शराब और को जप्त किया गया। कच्चे चौकी अंतर्गत आरोपी भीरावाही निवासी 37 वर्षीय राजेश रावटे पिता जगदेव के पुलिस ने 28 जनवरी कि शाम को दबिस देते हुए आरोपी के कब्जे में रखा हुआ हाथ ⏭ शेष पेज 10 पर

## कोड़ेजुंगा बायपास पर स्टॉपर को ठोका और भागा, ट्रक चालक हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शहर के बाईपास रोड़ कोड़ेजुंगा में जगदलपुर से राजनांदगांव जा रही ट्रक के चालक ने स्पीड को कम करने के लिए रोड पर रखे तिरछे स्टाँपर को ठोकर मारकर ट्रक की स्पीड को बढ़ाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके ट्रक को पकड़ा, तभी चालक ने ट्रक की चाबी को फेंक दिया। पुलिस चालक को लेकर अस्पताल पहुँची और मुलायजा करवाया गया।

जानकारी के अनुसार बाईपास में कोड़ेजुंगा में वाहनों की स्पीड को कम करने के लिए मुख्य सड़क पर स्टाँपर लगाए गए है, क्योंकि जिस स्थल पर स्टाँपर लगाए गए है, उस स्थल पर कई हादसे हो चुके है। कोड़ेजुंगा में लगाए स्टाँपर को 29 जनवरी को दोपहर को पौने 4 बजे के आसपास ट्रक क्रमांक सीजी 08 एवी 3611 का चालक प्रेमू कंवर पिता सहदेव कंवर उम्र 32 वर्ष शराब के नशे में स्टाँपर को ठोकर मारकर भागने लगा। चौक पर खड़ी कांकेर पुलिस ने भागने वाले ट्रक को रोका और उसके चालक को दबोचा। चालक ट्रक से उतरने के पहले चाबी को फेंक दिया और जवानों के साथ ⏭ शेष पेज 10 पर

## गोंडबिनापाल के समूह को मिली दैनिक उपयोग की सामग्री

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एसएसबी उठा रही कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़




28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीओबी गोंडबिनापाल के अंतर्गत आने वाले गाँव कलगाँव , तरालकट्टा, काटापारा और गोंडबिनापाल के स्वंय सहायता समूह और ग्रामीणों से अधिकारी व जवान रूबरू हुए और इस क्षेत्र के युवाओं को सक्षम बनाने के लिए विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण दिया गया वहीं युवाओं का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हम लोगों को सक्षम बनाने के लिए पैरा मिलेट्री फोर्स लगातार कदम उठा रही है।

गोंडबिनापाल में 29 जनवरी को आयोजित सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम में 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीओबी गोंडबिनापाल के उप कमांडेट विमल कुमार ने कहा कि एसएसबी यानी सशस्त्र सीमा बल अपने ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ साथ अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम, नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत अभी तक उपयोगी जरूरत के सामानों के वितरण के अलावा विभिन्न प्रकार के स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे इलेक्ट्रिशियन कोर्स, कंप्यूटर कोर्स, सिलाई मशीन कोर्स, मोबाईल रिपेयरिंग इत्यादि का आयोजन किया गया है, ताकि कार्यक्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिल सके और वे आत्मनिर्भर बने। 28 वीं वाहिनी द्वारा अभी तक इस क्षेत्र के लगभग 1000 से ज्यादा युवाओं व युवतियों को भिन्न भिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम चलते रहेंगे।

गोंडबिनापाल में आयोजित सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम में कलगाँव, गोंडबिनापाल, तरालकटा, काटापारा के स्वयं सहायता समूह के लिए भिन्न भिन्न सामग्री जैसे गाँव में बिजली की सुविधा के लिए सोलर लाईट, उन्नत कृषि के लिए दवाई छिड़काव मशीन, टेबल, कुर्सी, दरी और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट चिकित्सा, अन्य अधीनस्थ अधिकारी व बलकार्मिकों के अलावा , गोंडबिनापाल के सरपंच, उपसरपंच तथा सभी गाँव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### बाबा साहेब संस्था में वकील तिलक पांडे ने फहराया झंडा

**कोण्डागांव।** कोंडागांव अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने बाबा साहब सेवा संस्था कार्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 75 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता तिलक पांडे व बुध सिंह नेताम जिसमें तिलक पांडे के द्वारा झंडा रोहण किया गया । व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर से जयघोष किया गया । इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, बुद्ध सिंह नेताम, अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, पुष्कर सिंह मांडवी, सिद्धार्थ महाजन, नीरज उइके , अनुज नहरिया,बिरज नाग, सत्येंद्र भोयर, पंचू शोरी, वीरेंद्र टंडन, विशाल बंजारे, वह नगर के गणमन उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में मनाया गणतंत्र दिवस

**कोण्डागांव।** 26 जनवरी को कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी भूपेश तिवारी उपाध्यक्ष, जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या देवांगन, लेखू देवांगन उपस्थित रहे । सर्वप्रथम सभी अतिथिगणों द्वारा माँ भारती के तेलचित्र का पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत एवं कार्यक्रम अधिकारी उत्तम मानिकपुरी ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । भूपेश तिवारी ने गणतंत्रता को परिभाषित करते हुए कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन है। हमारा जितना कर्तव्य है उसे हम पूर्ण रूप से निभाए तभी हम अपने राष्ट्र को सही सम्मान दे सकते है । श्रीमती संध्या देवांगन ने सभी बच्चो को मोबाईल कम उपयोग करने की सलाह दी । उक्त कार्यक्रम में वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, कु सीमा सेठिया एवं सभी प्रशिक्षिका प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।

### संयुक्त छात्रावास दिवस मनाने के लिए हुई बैठक



**भानुप्रतापपुर।** 28 जनवरी दिन रविवार को नवीन पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास भानु प्रतापपुर में संयुक्त छात्र दिवस मनाने के उपलक्ष में बैठक रखा गया था जिसमें छात्रावास के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सीनियर भी उपस्थित थे जिसमें संयुक्त छात्रावास दिवस को अच्छे से किसी त्योहार की तरह मनाने का निर्णय किया गया तथा छात्रावास दिवस को अच्छी तरह से संपन्न करने के लिए हर व्यक्ति को अलग-अलग एक-एक काम का प्रभार सोपा गया ताकि किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### गणतंत्र दिवस पर हुईं मधु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

**कोण्डागांव।** 'कोंडागांव जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय मुख्य गणतन्त्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमे कोंडागांव जिले के उत्कृष्ट अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर की प्रधान अध्यापक मधु तिवारी को उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियों, शासकीय कार्यकमों में सफल मंच संचालन आदि के लिए मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी के करकमलों से कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार की गरिमामय उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**सियासत :** छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा होगी ऐतिहासिक : दीपक

# छत्तीसगढ़ हार गए उसे भूल जाइए अब देश के लिए लड़ना है : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



जिला कांग्रेस कमेटी का बैठक रखा गया जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी को लेकर चर्चा हुई वहीं भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा हुई हैं। आगामी लोकसभा चुनाव बस्तर से कांग्रेस बेहतर करेगी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो नया यात्रा 9 और 10 फरवरी तक छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा। उसकी तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई हैं। छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक रहेगा भारत जोड़ो न्याय यात्रा। उक्त बातें लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को नारायणपुर दौरे पर आए पीसीसी प्रमुख दीपक बैज ने कार्यकर्ताओ से कही। कार्यकर्ताओं में जोश भरते दीपक बैज ने कहा आज देश का माहौल देख रहे है कोई महंगाई पर बोलने वाला नहीं हैं,बेरोजगारी को लेकर अच्छा दिन आएगा बोले थे वह किसी को पता ही नहीं यह है। भाजपा के लोग जनता की भावनाओं के साथ खेल रहे हैं। मुद्दा से भटकाने के लिए आस्था और भावनाओं के साथ खेल रहे हैं। मंदिर-मस्जिद में कभी राजनीति नहीं होना चाहिए आस्था पर कभी राजनीति नहीं होना चाहिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने काम पर नहीं आस्था में राजनीति कर रही हैं। भगवान राम हमारे नहीं है क्या?भगवान राम आएंगे...आएंगे... भगवान राम कहां गए थे जो आएंगे। जो भाग गए हैं उसको ला नहीं रहे हैं देश का पैसा खाकर विदेश भाग गए हैं उनको लाना चाहिए। केंद्र सरकार की बहुत से मुद्दे हैं जो भाजपा सरकार की नाकामी है। वहीं राज्य सरकार की कर्ज माफी का यह मुद्दा हैं विधानसभा चुनाव के दौरान पूरे प्रदेश में भाजपा के लोगों ने कर्ज माफ़ी की बात कही थी लेकिन सरकार बनते ही कर्जमाफ़ी की बात भूल गए हैं। भाजपा के झूठे वादे से नारायणपुर के किसान ने सबसे पहले आत्महत्या भी कर लिया हैं।

इस बैठक मे भूतपूर्व विधायक चंदन कश्यप जिलाअध्यक्ष रजनू नेताम प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी राजेश दीवान, देवनाथ उसेंडी, वेदबती पात्र, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष पंडी राम वड्डे, मालती नुरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राशिला कश्यप, मीना नाग, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन नाग, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष विजय सलाम, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित थे!

# प्रभु श्रीराम पर की बेजा टिप्पणी पोलपापारा का शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



भगवान श्रीराम पर अपमान जनक टिप्पणी करना शिक्षक को महंगा पड़ गया । जांच प्रतिवेदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है । फरसगांव ब्लाक में ग्राम पंचायत कोनगुड पोलपापारा में पदस्थ सहायक शिक्षक प्रेम कुमार टंडन ने गणतंत्र दिवस समारोह में बच्चो और ग्रामीणों की उपस्तिथि में अपने संबोधन में भगवान श्रीराम जी और भगवा को लेकर अपमान जनक टिप्पणी किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, इस वीडियो को देखने के बाद नाराजगी जाहिर करते हुए विश्व हिंदू परिसद बजरंग दल द्वारा उक्त शिक्षक पर कार्यवाही करने क्षेत्र के फरसगांव, बड़ेडोंगर, उरन्दाबेड़ा और धनोरा थान में ज्ञापन सौंपा गया है । वही फरसगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी टीडी नेताम द्वारा ग्राम कोनगुड में पहुचकर जांच प्रतिवेदन तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी के पास भेजा गया । वीडियो और आडियो वाइरल के आधार पाया गया कि शिक्षक ने शराब का सेवन कर धर्मिक भावना को आहत पहुचाना एवम समाज मे द्वेश फैलाना गम्भीर कदाचार के श्रेणी में आता है । यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (अ.ब.स) एवं नियम-8.11 के विपरीत है। जिसके चलते जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी आदेश जारी कर सहायक शिक्षक प्रेमकुमार टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है । निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फरसगांव नियत किया जाता है निलंबन अवधि में शिक्षक को नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## एसपी ने माकड़ी थाने का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के द्वारा थाना माकड़ी का वार्षिक निरीक्षण माह जनवरी 2024 में प्रस्तावित था, इसी परिपेक्ष्य में वाय. अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के द्वारा आज 25 जनवरी को थाना माकड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना के समस्त अभिलेख, मालखाना, रिकार्ड रूम, बंदीगृह एवं थाने में उपलब्ध आर्म्स एम्यूनशन का निरीक्षण कर रख–रखाव व अद्यतन करने के लिए आवष्यक दिषा–निर्देष एवं सुझाव दिया गया। एसपी ने सुनी पुलिस कर्मियों की समस्यायें – पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर सभी की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। थाने में उपस्थित विवेचकों को विवेचना संबंधी आवष्यक जानकारी दी गई। वर्तमान परिवेष को –ष्टिगत रखते हुए थाने के समस्त बल को बेहतर से बेहतर पुलिसिंग करने के लिए महत्वपूर्ण गुण साझा किये। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना परिसर का भ्रमण करते हुए जर्जर हुए भवनों की मरम्मत कराने एवं थाना के अधिकांश कर्मचारी थाना से बाहर किराये के मकान पर रहते है, जिसके लिए नवीन आवास बनाने के लिए आष्वासन दिया है।

### थाना परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश

इसके साथ ही थाना परिसर के सफाई के लिये आवष्यक दिषा निर्देष भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव निमितेष सिंह परिहार, थाना प्रभारी विनोद कुमार साहू, स्टेनो डीपी नाग एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पेंशनर्स भवन में फहराया तिरंगा व किया राष्ट्रगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव ने पेंशनर भवन में गणतंत्र दिवस के 75 वें वर्षगांठ पर सेवानिवृत्ति व्याख्याता नासिर अली द्वारा झंडा फहराकर सभी ने राष्ट्रगान गाया । पश्चात सभी लोग भवन में एकत्रित होकर बडे उत्साह एवं हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया।

### इंजीनियर ने सुनाया स्वरचित गीत

अध्यक्ष ईंजी एसपी विश्वकर्मा ने 'नव वर्ष सभय मंगलमय हो नित नई सफलताएं पाओ। यह वर्ष सदा दे हर्ष तुम्हें, जीवन पथ पर बढते जाओ '। गीत सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी पेंशनरों की उपस्थिति में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त 80 साल उम्र पूर्ण होने पर सुखलाल देवांगन का माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। संघ के अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा ने पेंशनरों के 6 सूत्रीय लंबित मांगों के बारे में भी अवगत कराया ।

### नजरूददीन ने ली सदस्यता

इसके बाद नए सदस्य नजरुद्दीन खान ने भी सदस्यता ग्रहण की। तथा 15 अन्य सदस्यों ने भी वर्ष 2024 के लिए सहयोग राशि जमा किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने स्वरुचि पूर्वक स्वल्पाहार ग्रहण किया। संघ के सह सचिव पीपी गोंडाने द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी पेंशनरों को 26 जनवरी का जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित आमंत्रण पत्र पर स्टेडियम ग्राउंड में उपस्थित होने के लिए अवगत कराते हुए कार्यक्रम का समापन किया गयां।

## गम्हरी और जोडेकेरा में सुयंक्त सचिव ने ड्रोन तकनीक का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार श्रीमती यतीन्द्र प्रसाद ने कोण्डागांव के गम्हरी और जोड़ेकेरा में विकसित भारत संकल्प यात्र में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने गम्हरी में विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये। इसके साथ ही वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजयी टीम का सम्मान किया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव द्वारा कैलेंडर वितरण, 03 किसानों को भिंडी बीज का वितरण, 03 किसानों को नैनो यूरिया का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों ने शासकीय योजनाओं के हुए लाभों के संबंध में भी अपनी कहानी को बयां किया। इसके पश्चात वे जोडेकेरा पहुंचे जहां जनपद अध्यक्ष प्रेमशिला मंडावी एवं सरपंच कमला मंडावी के साथ उन्होंने सभी स्टॉल का भ्रमण किया।



### भारत क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

गांव के स्थानीय कलाकारों को सम्मानित करने के साथ विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का भी सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव एवं अन्य कृषि अनुप्रयोगों के सम्बंध में कृषि तकनीक की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने 05 किसानों को भिंडी बीज वितरण करने के साथ 02 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण किया।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर कावेरी मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा पे चर्चा...





कोण्डागांव। शा ऊ मा वि मयूर डोंगर कोंडागांव में छात्र छात्रओं ने सुनी समझी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा। उत्साहित विद्यार्थियों ने इस दौरान कई बार तालियां बजाईं।

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन ने किया ध्वजारोहण, छात्रों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





जेपी इंटरनेशनल स्कूल में याद रखेंगे वीरों तुमको हरदम, यह बलिदान तुम्हारा है। हमको तो है जान से प्यारा, यह गणतंत्र हमारा है। उक्त पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए देशभक्ति की भावना के साथ 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

जेपी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरमैन ज्योति गिदवानी ने निदेशक शंकर गिदवानी, जगदीश जसनानी एवं समस्त अतिथियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ भारत माता की जय से विद्यालय परिसर गुंजायमान रहा। इसके उपरांत संस्था के प्राचार्य रितेश चौबे ने अपने उद्बोधन में उठो धरा के वीर सपूतों पुनः नया निर्माण करो पंक्तियों के साथ आव्हान करते हुए विद्यार्थियों को देश के नवनिर्माण संदेश दिया। संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की। प्राईमरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा संगीत विभाग के मार्गदर्शन में स्वागत गीत स्वागतम- सुस्वागतम के माध्यम से समस्त अतिथियों एवं शिक्षकों का अभिनंदन किया गया।

जेपी इंटरनेशनल स्कूल की हिंदी शिक्षिका प्रिया सिंह के मार्गदर्शन में पाँचवीं की छात्रा लक्ष्या दुग्गे ने मातृभाषा हिंदी में एवं शिक्षिका गीतांजली शर्मा के मार्गदर्शन में पाँचवीं के छात्र पोषन मरकाम ने आंग्लभाषा भाषा में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं गणतंत्र दिवस के महत्व सारगर्भित विचार प्रस्तुत किया, तत्पश्चात नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में प्राथमिक कक्षा की छात्राओं के समूह ने विभिन्न देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने सबका मन मोह लिया। इस प्रकार विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिससे पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट एवं देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा।

इस समस्त कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन आंग्ल भाषा शिक्षिका कुमारी करिश्मा परवीन के मार्गदर्शन में छात्रा एंजेल भगत एवं सौम्या शर्मा द्वारा किया गया। समारोह के अंत में शिक्षिका शिल्पा सिन्हा के मार्गदर्शन में कक्षा बारहवीं की छात्रा एवं हेड गर्ल गुरप्रीत कौर ने कार्यक्रम में शामिल समस्त अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अविभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य विजयन बी, समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अविभावकों उपस्थित रहे।

## कलेक्टर से बांगाचार पंचायत प्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**कांकेर।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत बाँगाचार के सरपंच गुलाब बघेल एवं वार्ड पंचो सहित ग्रामीण ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम संतराई आंगनबाड़ी भवन में बॉउंड्री निर्माण, प्राथमिक शाला संतराई में अहाता व बाउंड्रीवाल निर्माण, बोकराटोला संतराई से मन्हाकाल मेन रोड तक पक्की रोड निर्माण की माँग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात किया।

चायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को अवगत कराते हुए बताया कि आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चे आते है और आंगनबाड़ी और स्कूल रोड किनारे होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, इसके साथ ही बोकराटोला से संतराई की दुरी मात्र 5 किमी. है, लेकिन रोड नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पंचायत कार्यालय तक आने में 12 से 14 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौपने के दौरान मन्नु लाल, रैनु राम, जय लाल, मुकेश ललित, सुनाराम, जगदेव, संजय, मन्ने सिंह, बुद्धू राम व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## परीक्षा पे चर्चा पर प्रधानमंत्री की बातें कोरर के विद्यार्थियों ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर में देश के प्रधानमंत्री के मंशानुरूप छ.ग.शासन के आदेशानुसार प्राचार्य शिवराज टांडिया के मार्गदर्शन में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन कर कक्षा छठवीं से बारहवीं के बच्चों को प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यक्रम में सहभागिता निभाई एवं बच्चों के मन में परीक्षा के प्रति होने वाले डर को दूर करने के उपायों से अवगत कराया गया। साथ पढ़ने वाले बच्चों को सोशल मिडिया, व्यक्तिगत स्वास्थ , छात्र,शिक्षक,एवं अभिभावक को अपने जीवन में चूनौतियो का सामना करने के बारे में बताया गया। साथ ही पढ़ाई के भरपूर नींद लेने पर जोर दिया गया पर ऐसे बहुत से उपाय बताए गए। कार्यक्रम में कोरर सरपंच सौरभ ठाकुर ने परीक्षार्थीयो को उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा बच्चों के लिए इतनी रुचि लेकर परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया है। इसकी सार्थकता तब ही है जब आप सभी लोगों को उनके बताये हुये बातों को अमल में लाये एवं तनाव मुक्त परीक्षा दिलाए।उपसरपंच हेमराज राठौर ने कहा कि छात्र देश के भविष्य होते हैं एवं भविष्य को तनाव मुक्त रखने का प्रयास देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना आप लोगों के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र परिहार एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने सभी छात्रों को आने वाले परीक्षाओ के लिए अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर धीरज मिश्रा,शुभम, व्याख्याता अनुपम जोफर, राजेन्द्र नेताम,जनक कोमरा, नितिन ध्रुव,कंचन लता ठाकुर, हुमा पिस्दा, मोनिका जुर्री मोनिषा मरई, टोमेश्वरी मानकर, रंजीत लहरें प्रसुन जैन,पंकज, कल्याणी साहु, खुशबू ढोंके एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दुष्यंत सोनकर ने दी।

## पेज 9 के शेष

### स्वास्थ्य विभाग में...

घोड़ेसवार पिता चन्द्रशेखर घोडेसवार उम्र 45 वर्ष निवासी ममता नगर राजनांदगांव को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि लालच में आकर मैं कार्य कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 हजार नगद और एक मोबाईल कीमत 5 हजार को जप्त किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### तीन जगह दबिश, देशी...

भट्टी से बना महुआ शराब 8 लीटर व नगद 150 रूपएं को जप्त किया। तीनो आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कोड़ेजुंगा बायपास पर...

बहस करने लगा। पुलिस ट्रक को कांकेर थाना लाना चाह रही थी, परंतु शराबी चालक ने कहा कि मेरे पास चाबी नहीं है। पुलिस ने आरोपी चालक को अपने वाहन में बैठाकर कोमलदेव जिला अस्पताल लेकर पहुँची और मुलायजा करवाया। मुलायजा करवाने के उपरांत चाबी की खोजबीन शुरू किया गया। चाबी मिलने के बाद आरोपी चालक और ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। चालक की लापरवाही उजागर

ट्रक चालक की लापरवाही पूरी तरह से देखने को मिली और ऐसे शराबी चालकों के कारण ही बाईपास में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। कुछ दिन पहले साहू समाज के अध्यक्ष की बाईक को भारी वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। इसके बाद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और सीएसईबी को व्यवस्था को सुधारने की हिदायत दिया गया था।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने सांसद प्रतिनिधि पर लगाए गंभीर आरोप

# नपा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

छत्तीसगढ़ के सबसे धनी नगर पालिकाओं में से एक किरंदुल नगर पालिका हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार जाते ही कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय के खिलाफ उनके ही कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पार्षदों ने भाजपा, सीपीआई और निर्दलीय 13 पार्षदों के साथ मिलकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो ध्वस्त हो गया है।

■ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विपक्ष में फूट



### इन्होंने लाया था अविश्वास प्रस्ताव

किरंदुल में कांग्रेस के 7 पार्षद, भाजपा के 4 सीपीआई 1, निर्दलीय 1 जिसमें कांग्रेस के नपा उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप, दिनेश कुमार प्रसाद, रतनी मांडवी, अशोक कश्यप, कीर्तिनी राणा, गायत्री साहू, सुरेश लीला पात्रे, भाजपा के पार्षद शैलेंद्र सिंह, राजकुमार छालीवाल, निधि जयसवाल, रामकिशोर, सीपीआई से भानवती नाग, निर्दलीय अब्दुल हमीद सिद्धिकी ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। विपक्ष में 13 वोट और नपा अध्यक्ष के पक्ष में 5 वोट थे। अमृत टंडन, राजू कुंजाम, इला पटेल, राजेंद्र राय और स्वयं अध्यक्ष थे।

### सत्ता बचाने अध्यक्ष रहे कामयाब

दंतेवाड़ा डिप्टी कलेक्टर ने 28 जनवरी को किरंदुल नगर पालिका में सुबह 11 बजे सम्मेलन फ्लोर टेस्ट के आदेश दिए थे। समय अनुसार डिप्टी कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर नोडल अधिकारी के रूप में किरंदुल नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने सभी पार्षदों से बात कर वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ किया। वोटिंग के पश्चात गिनती होने पर नगर पालिका अध्यक्ष के पक्ष में 10 वोट और विपक्ष में 8 वोट पड़े। जिससे नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रहे।

विपक्ष के 13 वोट में से 5 वोट अध्यक्ष के पक्ष में चले गए और विपक्ष 8 वोटों पर ही सिमटकर रह गई। किरंदुल नगर पालिका के इस घटनाक्रम में पूरे शहर वासियों की पैनी नजर थी। सुबह से ही नगर पालिका परिषद में पत्रकार एवं बुद्धिजीवियों की भीड़ लगी रही। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने पक्ष में कैसे विपक्ष के 5 पार्षदों को लाया और विपक्ष में किस कारण फूट पड़ गई। यह सभी नगर वासियों में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने फ्लोर टेस्ट जीतने के बाद सांसद प्रतिनिधि पर पार्टी विरोधी काम करने के गंभीर आरोप लगाए। इस विषय पर सांसद प्रतिनिधि आर. राजू से उनके कथन लेने के लिए फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**पार्टी विरोधी कार्य में लिप्त**

नपा अध्यक्ष ने आरोप लगाते कहा कि किरंदुल सांसद प्रतिनिधि आर. राजू पार्टी विरोधी कार्य में लिप्त है। अपनी ही पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष को गिराने का षड्यंत्र रचकर हमारे कांग्रेस पार्षदों को प्रदेश अध्यक्ष का नाम लेकर, अध्यक्ष के खिलाफ वोट करने का दबाव बनाया था। सबूत के साथ कांग्रेस संगठन, प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रभारी को इसकी शिकायत जल्द करूंगा।

- मृणाल राय, अध्यक्ष नगर पालिका

## पूर्व मंत्री लखमा ने किया कोण्टा किस्टाराम का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

कोण्टा विधानसभा के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा का आज कोण्टा सहित किस्टाराम क्षेत्र में दौरा रहा। सुबह कवासी लखमा कोण्टा पहुंच राजीव भवन में कोण्टा नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात किए। पूर्व मंत्री कवासी लखमा अपने दो दिवसीय कोण्टा दौरे पर हैं और क्षेत्र की समस्याओं तथा हालचाल जानते हुए विभिन्न जानकारियां नेता कार्यकर्ताओं के साथ ले रहे हैं। प्रथम दिन के दौरे पर ही लखमा ने मारईगुड़ा वन पहुंच हालचाल जाना। इसके बाद नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्टाराम पहुंच धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश एवं अन्य जनप्रतिनिधि व कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**खबर संक्षेप**

### शिशु मंदिर में विजय ने किया ध्वजारोहण



**भानपुरी।** 75वें गणतंत्र दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यक्ष विजय तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक संतोष बघेल, किसन सेन सहित प्राचार्य राम, आचार्यगण, बहिनें एवं भैया-बहनें उपस्थित थे। ध्वजारोहण पश्चात प्रभारी फेरी निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

### संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ आयोजन

**बस्तर।** संकुल स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम एवं नवनियुक्त शिक्षकों, प्रधान अध्यापकों का मिलन समारोह दो दिवसीय कार्यक्रम में संकुल आड़ावाल विकासखंड बस्तर जिला बस्तर के 10 प्राथमिक शाला, 3 माध्यमिक शाला के बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत आड़ावाल सरपंच सोमारू राम मौर्य, जनपद सदस्य शक्ति बघेल, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत भाटपाल नारायण कश्यप, संकुल प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर अभय राम नोनहारे, संकुल सीएसी विष्णु यादव एवं आड़ावाल संकुल के समस्त प्रधान अध्यापक एवं शिक्षक समेत अन्य जन मौजूद रहे। इस दौरान एकल खेल बालक-बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़, बोरा दौड़, मटका दौड़, कुर्सी दौड़ एवं सामूहिक खेल में कबड्डी और खो-खो खेल प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा हुआ। द्वितीय दिवस समापन समारोह के अतिथि बस्तर बीआरसी राजेंद्र ठाकुर, सरपंच सोमारू मौर्य समेत अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

### छात्रा का शीघ्र बना आधार कार्ड



**दंतेवाड़ा।** वर्तमान में कोई भी प्रतियोगी परीक्षा हो या अन्य कोई शासकीय कार्य आधार कार्ड में दी गयी जानकारियों का त्रुटिहीन होना अनिवार्य है। कारण, आधार कार्ड की जानकारी ही संबंधित का पहचान पुख्ता करती है। परन्तु कभी-कभी आधार कार्ड के मुद्रण में जन्म तिथि या फिर निवास स्थान अथवा सरनेम में भूलवश त्रुटियां मुद्रित हो जाती है। जिसके सुधार के लिए कार्यालयों में भागदौड़ करनी पड़ती है, और फिर इसके संशोधन की प्रक्रिया की भी एक तय सीमा निर्धारित है। ऐसे में अगर किसी के समक्ष परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण अवसर हो तो परेशानी होना स्वाभाविक है। इसके लिए समय रहते ही आधार कार्ड में सुधार करवा लेना ही बुद्धिमानी है।

## क्रिकेट के विजेताओं को विधायक ने दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



बकावंड अंचल अंतर्गत छोटे देवड़ा द्वारा ग्राम छोटे देवड़ा प्रियदर्शनी दीक्षा ग्राउंड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 5वां वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल रहे।

दीक्षा ग्राउंड में फाइनल मुकाबला बड़ेपारा स्टार 11 व आवासपारा के बीच खेला गया। जिसमें आवासपारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 143 रन का विशाल स्कोर खड़ाकर स्टार 11 को 144 रनों का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए स्टार 11 ने 12 ओवर में पूरा विकेट खोकर मात्र 69 रन ही बना पाई। आवास पारा की टीम ने जीत दर्ज की। जिसमें मेन ऑफ द सीरीज आवासपारा के खिलाड़ी खेमेश्वर रहे। वहीं स्टार 11 के खिलाड़ी मेन ऑफ द मैच करन, बेस्ट फिल्डर जोगेंद्र को दिया गया और आवासपारा के खिलाडी बड़े अंतर से मैच जीतकर फाइनल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि आज हमारे ग्राम छोटे देवड़ा में युवा साथियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता व भाई चारे के साथ मिलकर एक बढ़िया माहौल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिये भी हमें खेल खेलना जरूरी है। मानसिक, शारीरिक संतुलन के लिए खेल अति आवश्यक है, खेल से हमारे शरीर को हमेशा लाभ मिलता है। इस दौरान मधु निषाद, नीलम कश्यप, कमलूराम भारती, गोवर्धन गोयल, राजेश कुमार, शंभु भारती, सुंदरलाल भारती, पारेश्वर बघेल एवं समस्त ग्रामवासी व क्रिकेट समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा पालकों को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम 29 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम से सीधा प्रसारण किया गया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के द्वारा जिला स्तरीय आयोजन गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया। एजुकेशन सिटी के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, पीएम श्री एकलव्य आवासीय विद्यालय, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, सक्षम आवासीय परिसर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाया गया। स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम सत्र के अंत में परीक्षा के लिए प्रस्तुत होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में निडर होकर अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरणा दायक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा के पूर्व व परीक्षा के दौरान होने वाली तनाव व दबाव तथा परीक्षा में कैसे सवालों का जवाब दे उसके बारे में बच्चों से चर्चा किया।

बच्चों के अभिभावकों द्वारा भी सवाल पूछे गए कि आज कल के बच्चें दिमाग का इस्तमाल ठीक से क्यों नहीं कर रहें हैं, सोशल मीडिया के द्वारा बच्चों की पढ़ाई कैसे आसान हो सके। प्रधानमंत्री मोदी ने जिज्ञासा शांत करते हुए उनके सारे प्रश्नों के उत्तर सरल शब्दों से दिये। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल सोरी, सर्व शिक्षक-शिक्षिका एवं कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने धुरगुड़ा में मनाया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब ने गोद ग्राम धुरगुड़ा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। धुरगुड़ा स्कूल में अध्यक्ष दिनेश कागोत ने ध्वजारोहण किया। सचिव डा मनोज थॉमस और श्रीधर मद्दी ने बच्चों को जीवन में अपने फील्ड में अच्छे कार्य कर देश को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों में मिठाई, पाठ्य और खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। शाम को शहीद स्मारक में शहीदों को नमन कर सीआरपीएफ के जवानों, क्लब मेंबर और शहरवासियों के साथ सदभावना इंडियन फ्लैग साइकिल रैली निकाली गई।

किशोर पारख ने भविष्य में सीआरपीएफ के साथ मिलकर और भी कार्य करने की बात कही। क्लब द्वारा रात्रि में एक शाम शहीदों के नाम का देश भक्ति कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्थानीय गायकों ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

### परीक्षा पे चर्चा को सभी ने सुनी



**बस्तर।** राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा एवं जिला कार्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा पे चर्चा 2024 के सप्तम चरण का कार्यक्रम 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मण्डपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों व अविभावकों के साथ परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने व तनाव दूर करने सीधा संवाद किया गया। विकास खण्ड बस्तर में उक्त आयोजन को लाइव दिखाने के लिए एक खण्डस्तरीय कार्यक्रम सेजेस बालक बस्तर में रखा गया। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, रामानन्द मिश्रा, मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग, ब्लॉक महामंत्री वीरेंद्र राजपूत, नरेंद्र जोशी महामंत्री, चंदन झा व अधिकारियों में ओम प्रकाश वर्मा एसडीएम बस्तर, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी राजेन्द्र ठाकुर, प्राचार्य पीआर लाऊतरे समेत लगभग 500 बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। परीक्षा पूर्व किस प्रकार से तनाव मुक्त होकर तैयारी की जाये, इसके गुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गए सम्बोधन से प्राप्त किये। विकासखण्ड बस्तर के सभी 142 माध्यमिक व 50 हाई एवं हायरसेकंडरी में एक साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी, प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। सुदूर अंचल जहां नेटवर्क की समस्या है।

### 11 गांवों के ग्रामीणों से मिले विधायक विक्रम



**भोपालपटनम।** विधायक विक्रम मंडावी रविवार को एक दिवसीय मद्देड़ क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान वे लोदेड़, कोतापल्ली, पामगल, कोमटपल्ली, मिनकापल्ली, मुतापुर, वंगापल्ली, भट्टीगुड़ा, उस्कालेड, इंचोंडा और कोंगुपल्ली आदि गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात किये और उनकी समस्याओं को सुना व समस्याओं के जल्द निराकरण करने का भरोसा विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों को दिलाया है। विधान सभा चुनाव में विक्रम मंडावी के दुबारा चुनाव जीतने के बाद मद्देड़ क्षेत्र में यह उनका पहला दौरा था, विधायक विक्रम मंडावी को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित थे और ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का स्वागत गाजे बाजे और फूल माला पहनाकर किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लालू राठौर, जिपं सदस्य बसंत राव ताटी, सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, जनपद उपाध्यक्ष मिच्छा मुतैया, सुरेंद्र चापा, मद्देड़ ब्लॉक अध्यक्ष तलांडी इस्तारी, अफजल खान और सुनील उद्दे के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री ने कहा प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं स्वयं से करें और दोस्तों से प्रेरणा लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के माओवाद, आतंकवाद प्रभावित सुकमा जिले के बच्चों से रूबरू होकर बात की। प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअली देश के करोड़ों स्कूली बच्चों को परीक्षा सम्बन्धी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं स्वयं से करें और पूरी लगन एवं मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा में बिना डर या भय से सम्मिलित होकर जिसका जवाब मालूम हो, ऐसे प्रश्नों तथा सरल सवालों का हल पहले करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने दोस्तों से सीखने की कोशिश करें,उनसे प्रेरणा लें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें। यदि आपके पास वह अभ्यास है तो परीक्षा हॉल का अधिकांश तनाव दूर हो जाएगा। प्रौद्योगिकी को बोझ नहीं बनना चाहिए। इसका विवेकपूर्ण उपयोग करें। सही समय जैसा कुछ नहीं है, इसलिए इसका इंतजार न करें। चुनौतियां आती रहेंगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाखों चुनौतियां हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। असफलताओं से निराशा नहीं होनी चाहिए। हर गलती एक नई सीख है, जिससे सफलता के द्वार खुलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी उक्त परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के माओवाद, आतंकवाद प्रभावित ईलाके सुकमा जिले की छात्रा उमेश्वरी ओटी को अपने साथ बिठाया और उसका परिचय पूछा तथा बस्तर की संस्कृति के बारे में चर्चा करते हुए उमेश्वरी ओटी का उत्साहवर्धन किया। ज्ञातव्य है कि उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले के सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा की छात्रा उमेश्वरी ओटी और स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंटा के छात्र शिवम बंसल शामिल हुए।

■ पीएम मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान सुकमा के बच्चों से की बात

## बस्तर किसान कल्याण संघ ने मनाया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर के किसानों के साथ गणतंत्र दिवस मनाने के पश्चात बकावण्ड एवं बस्तर ब्लॉक के किसानों के खेतों में लगाए गए मिर्च और टमाटर का अवलोकन कर उसमें लगे किट जिससे फसल के उत्पादन में प्रभाव पड़ता है उसकी जानकारी दी गई। मौजूदा समय में बस्तर संभाग में कृषकों को टमाटर, मिर्च सहित मौसमी सब्जियों में होने वाली कीट नाशकों के कारण जो नुक्सान होता है उसकी भरपाई कम लागत में किस प्रकार से खेतों को सुरक्षित रख सकते हैं इसके बारे में जानकारी दी गई। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करने के बाद बस्तर किसान कल्याण संघ के किसानों के द्वारा सिन्जेंटा कम्पनी के साथ मिर्ची और टमाटर की फसल का निरीक्षण किया गया। साथ ही मिर्ची और टमाटर में आने वाले रोगों एवं कीटो के रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी व उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सिन्जेंटा कम्पनी के क्षेत्र प्रबंधक अधिकारी विक्रांत सिंह जयप्रकाश मिश्रा, टेनिकल सपोर्ट उदय मोहिते के द्वारा इस मौके पर परिहार कृषि केंद्र बस्तर सहित धन लक्ष्मी कृषि संसार के अलावा किसान, हसमुख चावड़ा, रमेश चावड़ा, लखिधर बघेल के पार्थ सारथी, अमित चावड़ा, सुमित चावड़ा, राजेंद्र बांधे, प्रकाश नाग, रमेश बघेल, जितेंद्र परिहार, संग्राम सिंह सेगर, राजशेखर तिवारी, बुधराम बघेल, मनोज टाक, एवं काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## युवा मोर्चा ने कराया नमो नव मतदाता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एजुकेशन सिटी जावंगा गीदम में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा किया गया।

भाजयुमो के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मतदाता दिवस के दिन नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित किया गया था, पुरे देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर यह कार्यक्रम किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन नव युवक- युवतियों को प्राप्त हुआ। भाजयुमो दंतेवाड़ा द्वारा जिले के गीदम स्थित ऑडिटोरियम में यह नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पूरे जिले भर से लगभग हजार की संख्या में नव युवक युवती शामिल हुए एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लाइव उद्बोधन पाकर सभी प्रसन्न व अतिउत्साहित थे। देश भर में 5000 से भी ज्यादा स्थानों पर प्रधानमंत्री जी का लाइव उद्बोधन सुना गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी व प्रदेश मंत्री भाजपा ओजस्वी भीमा मंडावी, भाजयुमो जिला प्रभारी लक्ष्मण झा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सुश्री दीपिका सोरी समेत जिले के जनप्रतिनिधि गण व भाजपा पदाधिकारी व युवा मोर्चा के जिला/ प्रदेश व मंडलों की टीम उपस्थित थी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने स्वच्छ व समृद्ध राष्ट्र में मतदान की सहभागिता व आवश्यकता को बताते हुए कहा कि इस नव मतदाता सम्मेलन से हमारा उद्देश्य नवयुवकों को राजनीतिक दल से जोड़ना नहीं है बल्कि हमारा उद्देश्य नवयुवकों के भीतर राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र सर्वोपरि की भावना जागृत करना हमारा उद्देश्य है। मतदान का उद्देश्य सत्ता परिवर्तन नहीं राष्ट्र के स्वभाव में परिवर्तन होना चाहिए। हमारा भारत देश विश्वगुरु के रूप में निर्मित हो इसलिए प्रत्येक युवाओं के भीतर राष्ट्र हेतु समर्पण का भाव होना चाहिए। विधायक चैतराम अटामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए जाती, धर्म, संप्रदाय, लोभ से उपर उठकर मतदान करने की सलाह दी।

## आटोमेटिक वेंडिंग मशीन धरमपुरा शहरी स्वास्थ्य केंद्र को मिली

### मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नॉन प्रॉफिटेबल ऑर्गनाइजेशन निशा स्वर फाउंडेशन समाज सेवी संस्था के द्वारा मानव सेवा के लिए नई पहल का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समाज सेवी संस्था द्वारा सीएमएचओ को भेंट में दी गई ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का धरमपुरा शहरी स्वास्थ्य केंद्र में शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज सेवी संस्था के फाऊंडर निशा नागवंशी और कोफाउंडर झरना मोहंती ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा शहरी स्वास्थ्य केंद्र को प्रदत्त ऑटोमेटिक सेनेटरी वेंडिंग मशीन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ किया यह फाउंडेशन के लिए हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने आगे भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान विधायक विनायक गोयल, पूर्व सासंद दिनेश कश्यप, रूपसिंह मंडावी, श्रीनिवास मद्दी, संजय पांडे, आशुतोष पांडे, कलेक्टर विजय दयाराम के, सीएचएमओ व अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### वैभव सोनी को मिस्टर फेस ऑफ इंडिया का खिताब



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। भानुप्रतापपुर के लिए एक बार फिर गौरव की बात है।सम्बलपुर निवासी वैभव सोनी पिता छगन लाल सोनी रायपुर में आयोजित मिस्टर फेसऑफ इंडिया के विजेता बन गये हैं। रायपुर में आयोजित मिस्टर फेसऑफ इंडिया में हिस्सा लिया था। वैभव ने चौथे स्थान हासिल कर पूरे जनपद का नाम रोशन किया है।मॉडल व फैशन ग्लैमर प्रोडक्शन की ओर से राज्य स्तर पर रायपुर में आयोजित मिस्टर फेसऑफ इंडिया प्रतियोगिता आयोजित किया गया था इस शो में कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। वैभव ने प्रतिभागियों को टक्कर देते हुये चौथे स्थान पर बाजी अपने नाम कर ली।वैभव के इस कमाल पर गांव सहित पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल हैं।

### सैनिक कल्याण कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण



**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर में 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला एनएम (से.नि.) की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में वीर नारियों शहीदों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक के परिवारों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों वीर नारियों शहीदों के परिजनों एवं सैनिक संगठन से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम दोड़देकादर में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शाउमावि चिखली के प्राचार्य ने बताया कि संकुल केंद्र हामतवाही के तहत 19 प्राथमिक शाला, 5 माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए है। इस दौरान कबड्डी, वालीबाल, खो-खो एथलेटिक्स एवं अन्य खेलकूद आयोजित किया गया है। विशेष अतिथि शकुंतला नरेटी ने बताया कि खेलकूद से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, विकास होता है। वही बच्चों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ खेलकूद भी अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है और बच्चों को खेलकूद के साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात कहीं।

## आरोप : कार्रवाई नहीं होने पर जनआंदोलन करने की चेतावनी

# खनिज न्यास निधि में करोड़ों का हुआ घपला जनपद सदस्यों ने धरना दिया, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



खनिज न्यास निधि से 2 करोड़ 1 लाख 22 हजार रूपए से सामाग्री खरीदी घोटाले की जांच की मांग को लेकर जनपद सदस्यों ने अटल चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर 6 फरवरी तक खनिज न्यास निधि से सामाग्री खरीदी की जांच और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने पर प्रदर्शनकारियों ने 7 फरवरी से जनांदोलन करने की चेतावनी दिया है। धरना प्रदर्शन में पहुँचे पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा ने कहा कि खदान आम जनता की है, खदान से प्राप्त रायल्टी राशि आम जनता की है, लेकिन रायल्टी राशि को अधिकारी अपनी मालिकाना हक समझते हैं। इसलिए यहां के जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों के सहमति के बिना रायपुर और केशकाल के सप्लायरों के साथ मिलकर सामाग्री खरीदी के नाम पर अपना जेब भरते हैं। हम अधिकारियों की मनमानी चलने नहीं देंगे। कलेक्टर को जनपद सदस्य 18 जनवरी को ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन आज तक जांच नहीं हुई है। जनपद पंचायत के खनिज न्यास निधि को बंदरबांट करने वाले अधिकारी और बाबू कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार से मिले हुए हैं, इस कारण आज तक खनिज न्यास निधि घोटाले की जांच नहीं हुई है। घोटाले की एफआईआर दर्ज कर दोषियों को जेल भेजना था, लेकिन घोटाले की राशि को सब मिलकर बांटकर खाए हैं, इसलिए अब तक कार्यवाही करना छोड़कर अधिकारी सोये हुए हैं। हम सड़क पर आए हैं, 6 फरवरी तक जांच कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो 7 फरवरी को जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, जनपद उपाध्यक्ष मनीषा मंडावी, जनपद सदस्य देवेन्द्र टेकाम ने कहा कि हम निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, क्षेत्र की जनता की प्रतिनित्व करते हैं। जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों की सामान्य सभा में प्रस्ताव होने के बाद खनिज न्यास निधि राशि को खर्च करना चाहिए, लेकिन जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्यों को 2 करोड़ 1लाख 22 हजार रूपए सामाग्री खरीदी और राशि भुगतान का यहां पदस्थ रहे सीईओ और बाबू ने भनक लगने नहीं दिया। हम सभी जनपद सदस्यों को अपने अधिकार से वंचित कर खरीदी के नाम भ्रष्टाचार किया गया है। हम जांच और एफआईआर दर्ज होने तक लड़ेंगे, सीईओ और बाबूओं की मनमानी चलने नहीं देंगे। जनपद सदस्य देवलाल नरेटी, जोहन गावड़े, धनीराम ध्रुव ने कहा कि खनिज न्यास निधि राशि का खर्च यहां के जनता के विकास के लिए होनी चाहिए। प्लास्टिक सामाग्री, रेजर, कटर, शीश पेंसिल, चाक मिट्टी, कूकर बांटकर आधी से अधिक राशि को हजम कर लिया। कौन कौन मिलकर ऐसे सामाग्री खरीदी की कार्ययोजना बनाए हैं, सबके खिलाफ जांच हो और पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज हो। सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष जगत दुग्गा ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र के जनता को अधिकारी भोले-भाले समझकर पूरी को बंदरबांट कर रहे हैं, कार्यवाही नहीं हुई तो घोटाले के खिलाफ सर्व आदिवासी समाज जनपद सदस्यों की आंदोलन की समर्थन करने सड़क पर उतरेगी।

### प्रदर्शनकारियों की पांच मांग

प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को पाँच सूत्रीय माँग का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लिखा है, खनिज न्यास निधि से 1.40 करोड़ से घरेलू सामग्री कय, 38.40 लाख रुपए से सोलर एलईडी स्ट्रीट लाईट कथ, 22.80 लाख रूपये खेल सामग्री क्रय की गई, जिसकी सुक्ष्मता से जांच कर इस मामले में संलिप्त सभी दोषियों के ऊपर कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन में जनपद सदस्य राधा जैन, जनपद सदस्य धनीराम ध्रुव, जनपद सदस्य लीलावती टांडिया, विजय पटेल, अशोक जैन, फुलसिंग मंडावी, सरपंच संघ ब्लाक अध्यक्ष धनसिंह ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज संरक्षक कमलसिंह कोर्राम, पीलाराम उयके, बिदेसिंह कल्लो उपस्थित रहे।

## परीक्षा पे चर्चा पर प्रधानमंत्री मोदी ने की छात्रों से बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों, पालकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में दिखाया गया।

संकुल केन्द्र गोलकुम्हड़ा के माध्यमिक विद्यालय ररेसरा, गोलकुम्हड़ा, बाबूकोहका, सराधुनवागांव के स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से परीक्षा पे चर्चा ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होकर परीक्षा एवं भविष्य के अध्ययन के प्रति झिझक को दूर किया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत स्कूल में डिजिटल माध्यम से वीडियो ऑडियो देख, सुनकर मन का झिझक स्कूली बच्चों ने दूर किया। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों से प्रेरित है, ताकि एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे की अद्वितीय व्यक्तित्व निखर सके और खुद को पूरी तरह से व्यक्त करने की अनुमति दी जाए।

परीक्षा पे चर्चा ऑनलाइन कार्यक्रम में विकासखंड नोडल अधिकारी एमन जैन, बीईओ केशव साहू, बीआरसी रामकमल सुकदेवे, आत्मानंद प्राचार्य चन्द्रशेखर यादव, रतेसरा संकुल प्राचार्य एआर ध्रुव, समन्वयक वीके मेहता, संकुल के सभी प्रधानपाठक एवं शिक्षक के अलावा जनप्रतिनिधि, 9 संकुल समंवयक, 470 विद्यालयीन छात्र, 45 शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर योगाचार्य साहू का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर भानुप्रतापपुर निवासी योगाचार्य ईश्वर साहू को गणतंत्र दिवस पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिल्ली में सम्मानित किया गया। उन्हें भारत सरकार आयुष मंत्रालय से इस बार दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस पेरड में योग में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कोविड के दौरान ऑनलाइन योग के साथ ही विभिन्न स्कूलों, गैर सरकारी, सरकारी संस्थाओं में निशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया।

आपको बता दें कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में उत्कृष्ठ योग शिक्षक सम्मान में कांकेर से विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया था। छत्तीसगढ़ से 15 उत्कृष्ट योग शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था जिसमे कांकेर जिले से सर्वश्रेष्ठ योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू भानुप्रतापपुर आयुष वेलनेस सेंटर हाटकोंदल को आमंत्रित किया गया था। ईश्वर साहू का भानूप्रतापपुर नगर पर नगरवासियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

श्री साहू ने बताया आयुष मंत्रालय द्वारा सम्मान के साथ नई दिल्ली स्थित समस्त राजकीय ऐतिहासिक इंडिया गेट प्रधानमंत्री संग्रहालय कुतुबमीनार स्मारक ज्योति मोरारजी देसाई योग यूनिवर्सिटी आदि प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया।

केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनेवाल के साथ योग शिक्षकों का योग एवं आरोग्य परिचर्चा हुआ जिसमे जन जन योग जन जन आयुर्वेद के लक्ष्य से समाज को योग और आयुर्वेद जोड़ने का संदेश दिया गया।

# परीक्षा पे चर्चा पर पीएम मोदी कहा-दबाव से स्वयं को मुक्त करें फिर मिलेगी कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम मोदी की बातों को गम्भीरता से सुना विद्यार्थियों ने

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।

भानुप्रतापपुर स्थित स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में बड़ी संख्या शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री की बातों को गम्भीरता पूर्वक सुना और समझा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल की ओर सर मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मण्डल महामंत्री डिगेश खापर्डे यूवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संकेत नसीने भाजपा भाजपा यूवा मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी राजू श्रीवास वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता अभय पाण्डे मिलूदास महंत गुरपाल सिंह रंधावा पार्षद रजिन्दर रंधावा सकुंतला यादव प्रमिला सोरी उर्मिला जासूजा सीता चंद्राकर खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे बीआरसी राधेलाल नुरेटी शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।



छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है। परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने आउटरीच कार्यक्रम के सातवें एपिसोड में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक इनोवेटिव हो गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे छात्र हमारे भविष्य को आकार देंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पिछले छह वर्षों से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शामिल कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, /"परीक्षा पे चर्चा का ये सांतवा एपिसोड है। ये प्रश्न हर बार आया है और अलग-अलग तरीके से आया है। इसका मतलब ये है कि सात सालों में सात अलग-अलग बैच इन परिस्थितियों से गुजरे हैं और हर नए बैच को भी इन्हीं समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों के बैच बदलते हैं लेकिन शिक्षकों के बैच नहीं बदलते। यदि शिक्षकों ने मेरे अब तक के एपिसोड्स की बातों का कुछ न कुछ अपने स्कूल में संबोधन किया हो तो शायद हम इस समस्या को धीरे-धीरे कम कर सकते हैं।

### बॉडी को भी रिचार्ज रखना बहुत जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसे मोबाइल को कार्य करने के लिए चार्जिंग की आवश्यकता होती है, उसी तरह बॉडी को भी रिचार्ज रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ मन के लिए शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रॉपर नींद लेना भी बहुत आवश्यक है।

# धौराभांठा क्रिकेट में बीजापुर ने बरेठीनबाहरा बी को हराया

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत धौराभाठा में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मैच में बरेठीनबाहरा बी और बीजापुर के मध्य खेला गया जिसमे बीजापुर 16 रन बनाकर जीत हासिल किया।

धौराभांठा सरपंच महेश नेताम के मुख्य अतिथि, बीआर भेड़िया की अध्यक्षता और ग्राम पटेल राजकुमार नेताम, चंद्रप्रकाश बारसागड़े, बिजेलाल कोर्राम के विशेष आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने गांव के देवी देवता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर सात दिवसीय क्रिकेट खेल का शुभारंभ



किय। मुख्य अतिथि ने कहा कि जब खिलाड़ी शतक बनाने की करते है तैयारी, तब चौको और छक्कों से हो जाती है यारी। खेल से भी युवाओ को आस है, इसमें भी अब उनको करियर की तलाश है। गाँव में यह खेल प्रत्येक वर्ष कराया जाता है, जिससे यहां के युवाओं को खेलने का मौका मिलता है। इस बार भी हमारे धौराभांठा क्रिकेट युवा क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से यह खेल कराया जा रहा है। खेल के दौरान एवं खेल में आपसी भाईचारा बनाए रखना ही खेल की सही पहचान है। अध्यक्षता कर रहे बीआर भेड़िया ने कहा की खेल स्पर्धा से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभागियों को सामने आने का मौका मिलता है। क्रिकेट मैच काफी रोमांचित करने वाला है। इस स्पर्धा होने से गांव के लोगों को यह देखने को मिलेगा और नए खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर रामसिंग वट्टी, शंभू नेताम, सखाराम कावड़े, श्रीराम सलाम, कोटवार अनिल नाग, भागवत मरकाम, किशुन कोर्राम, रामचंद सलाम, देवराम कावड़े के अलावा ग्रामीण एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

# नेटवर्क की समस्या से 8 गांव के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




फरसकोट क्षेत्र सहित आसपास गांवों में नेटवर्क की समस्या होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत में जियो कंपनी का टावर तो लगाया है लेकिन नेटवर्क नहीं होने के कारण डिजिटल इंडिया जमाने में स्थानीय लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नेटवर्क नहीं होने से कामकाज प्रभावित है तो ग्राहकों संपर्क करने में परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीण हिमांशु नरेटी, खिलेश जैन, सुदीप सलाम, नितेश टांडिया, सूर्य प्रकाश वैध, पुनीत सलाम, खगेश भोज जैन, ग्राम गायता जगत राम कोला ने बताया एक जियो टॉवर लगाया गया है किंतु उसमे नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। समस्या को एसडीएम से लेकर जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया आठ गांव प्रभवित है जिसमें साहकट्टा,पंडरीपानी, आसुलखर, आमापारा, चिचमर्रा, परवी जनकपुर, कनकपुर सोनेकन्हार, बिरकोंदल शामिल हैं।

# आंवरी चौक पर ट्रक ने बाइक को ठोका एक गंभीर का रायपुर में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बेटी-दमाद के घर मेला देखने के लिए पहुंचे बड़ा ससुर सड़क दुर्घटना में घायल

चारामा का मेला देखने जा रहे बाईक में सवार व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने 28 जनवरी की सुबह करीबन पौने 12 बजें अपनी चपेट में ले लिया। घटना आंवरी चौक के पास की है, जहां अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है। ट्रक की चपेट में आने वाला व्यक्ति चारामा मेला देखने के लिए उंकारी अपने बेटी-दमाद के घर आया था और मेला देखने के लिए निकला था, तभी दुर्घटना का शिकार हो गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे उंकारी निवासी 30 वर्षीय राकेश कुमार सिन्हा पिता



फुलचंद सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को मेरे बड़े ससुर दुर्ग जिला के रानीतराई थानांतर्गत ग्राम केसरा निवासी डामेश्वर सिंहा पिता सुकालू राम सिंहा चारामा का मेला देखने आए था। मेरे घर 27 जनवरी की रात में रूके थे और अगले दिन 28 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें बड़े ससुर अपनी मोटर साकयल क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 6642 में सवार होकर ग्राम उंकारी से चारामा मेला देखने जा रहे थे। मैं और मेरा साला राहुल सिन्हा मेरे ससुर के पीछे-पीछे अपनी मोटर सायकल से जा रहे थे , आंवरी चौक के पास दोपहर को पौने 12 बजें धमतरी की ओर से आ रही ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवाय 1313 के चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया, जिससे डामेश्वर सिन्हा अपनी बाइक समेत जमीन पर गिर गया। ट्रक के सामने का पहिया पैर में चढ़ जाने से दोनो पैर टूट गया। ईलाज चारामा अस्पताल ले जाने के बाद, उचित उपचार के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया।

आरोपी ट्रक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




